भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्यसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 169

उत्तर देने की तारीख: गुरूवार, 8 दिसंबर , 2022

17 अग्रहायण, 1944 (शक)

राजस्थान में ऐतिहासिक किलों की सर्वेक्षण रिपोर्ट

169. श्री नीरज डांगी:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(□) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित ऐतिहासिक किले वर्तमान में जीर्ण- शीर्ण अवस्था में हैं;

(□) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षो के दौरान इन किलों का सर्वेक्षण कराकर कोई रिपोर्ट तैयार की है; और

(□) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षणाधीन, राजस्थान के विभिन्न जिलों में स्थित ऐतिहासिक किले जीर्ण –शीर्ण स्थिति में नही हैं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण राजस्थान राज्य में स्थित 10 (दस) ऐतिहासिक किलों (सूची अनुबंध में है) सहित 163 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों का आवश्यकतानुसार रख रखाव और संरक्षण संबंधी कार्य करता है और वे भली-भांति परिरक्षित हैं ।

अनुबंध

राज्यसभा में दिनांक 08.12.2022 **को उतरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या** 169 **के भाग (क) से (ख) के उत्तर में सं दर्भित अनुबंध**

राजस्थान के किलों की सूची

क्र.सं.	**किले का नाम**	**स्थान**	**जिला**
1.	अपने स्मारकों सहित प्राचीन किला	बयाना	भरतपुर
2.	शेरगढ़ किला	धौलपुर	धौलपुर
3.	रणथंभौर का किला	रणथंभौर	सवाई माधोपुर
4.	चौबुर्जा गेट सहित किले की दीवार, चौबुर्जा और अष्टधातु द्वार पर संपर्क पुल	भरतपुर	भरतपुर
5	मेधावी- का- महल नामक किला	जमवारामगढ़	जयपुर
6	पूरा चित्तौड़ का किला	चित्तौड़	चित्तौड़गढ़
7	पूरा कुम्भलगढ़ का किला	कुम्भलगढ़	राजसमंद
8	प्राचीन मंदिर सहित जैसलमेर का किला	जैसलमेर	जैसलमेर
9	भटनेर किला, हनुमानगढ़	हनुमानगढ़	हनुमानगढ़
10	किला	मंडोर	जोधपुर

*****